दुर्घटनाएं — बहन सुरक्षित, युवक जबलपुर के निजी अस्पताल में भर्ती, पुलिस ने पीछा कर ट्रक को पकड़ा

# मिनी ट्रक की टक्कर से भाई-बहन घायल, युवक गंभीर



**नवभारत, सिंग्रामपुर 22 मार्च.** शनिवार रात करीब 9 बजे सिंग्रामपुर में तेज रफ्तार मिनी आयशर ट्रक ने एक्टिवा सवार भाई-बहन को जोरदार टक्कर मार दी.हादसे में प्रिंस राय (पिता राजकुमार राय) के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि उनकी छोटी बहन को मामूली चोट लगी है.

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तुरंत निजी वाहन से जबलपुर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि एक्टिवा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बहन दूर जा गिरी, हालांकि उसे गंभीर चोट नहीं आई. हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया.

### चालक को किया गिरफ्तार

सूचना मिलते ही सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश दुबे ने टीम के साथ ट्रक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक भाग निकला. इसके बाद जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस ने बायपास पर नाकाबंदी कर ट्रक को पकड़ा। चालक सहित वाहन को जब्त कर जबेरा थाने लाया गया है, जहां आगे की कार्रवाई जारी है.

### तेज रफ्तार कार ने दो पहिया वाहन को मारी टक्कर

दमोह जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत आमखेड़ा के पास एक तेज रफ्तार कार ने दो पहिया वाहन को टक्कर मार दी.जिससे दो पहिया वाहन सवार कमलेश हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया.

### तेज रफ्तार स्कूटी सवार भिड़े

तेज रफ्तार स्कूटी सवार जबलपुर नाका पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास भिड़ जाने पर मौके पर जबलपुर नाका चौकी से प्रधान आरक्षक अजय पटेल, आदर्श मिश्रा ने पहुंच कर 112 डायल आरक्षक राकेश दाहिया पायलट से जिला अस्पताल भिजवाया.

### अनियंत्रित होकर कार पलटी



हटा स्थित रजपुरा थाना क्षेत्र जांगपुरा के पास अनियंत्रित होकर कार पलट गई। इसमें में सवार लोग बाल-बाल बचे और किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई. रजपुरा थाना प्रभारी श्लास कुमार विनीत, एएस आई इंद्राज सिंह सहित पुलिस मौके पर पहुंची.

### चाकू से युवक पर हमला, हालत गंभीर



दमोह सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बजरिया-7 में नीरज राठौर को चाकू लगने पर इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया, जिसका उपचार जारी है. जानकारी के अनुसार आपसी विवाद के चलते नीतीश रजक व उसके घर वालों ने मारपीट कर गले में चाकू मार दी, जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है. यहां भी घायल युवक की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया है.



# भाटखमरिया में की गई कुएं की सफाई

▸ जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू

**नवभारत,जबेरा 22 मार्च।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2026-जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के तहत जबेरा सेक्टर के ग्राम भाटखमरिया में सफाई और जल पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस पहल का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है।अभियान के पहले चरण के हिस्से के रूप में भाटखमरिया स्थित कुएं पर एक व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान कुएं के तट की स्वच्छता सुनिश्चित की गई, जिसके बाद जल पूजन और दीप प्रज्वलन किया गया, जिससे उपस्थित लोगों को जल संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

**सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया**-इस अवसर पर जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक वंदना जैन सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में फ ाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, सीएमसी एलडीपी परामर्शदाता घनश्याम सिंह और लोकेंद्र सिंह, प्रस्फूटन समिति अध्यक्ष बेड़ी लाल राय, सचिव नवीन विश्वकर्मा, मुन्ना लाल नामदेव आदि ने भी योगदान दिया।

### निषादराज महाराज की जयंती पर आज निकाली जाएगी शोभायात्रा



**नवभारत,दमोह ।** निषादराज जयंती पर रैकवार, केवट, बर्मन, धुरिया, कहार, कश्यप,निषाद,बाथम,भोई, मल्लाह, माझी समाज के द्वारा दमोह जिले में नवरात्रि की पंचमी पर 23 मार्च को माझी समाज के आराध्य देव निषादराज महाराज की जयंती पर 23 मार्च को शाम 4 बजे महाराणा प्रताप स्कूल मैदान सिविल वार्ड नंबर 01 से निषादराज महाराज के चित्र के समक्ष पूजन कर विशाल शोभायात्रा दमोह नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी। यात्रा पुराना थाना, मोहन टाकीज़, बहराम टॉकीज, बकौली तिराहा, घंटाघर चौक, एवरेस्ट लॉज, राय तिराहा, स्टेशन चौराहा, बस स्टैंड चौराहा, बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर चौराहा, भाजपा कार्यालय कीर्ति स्तंभ से शिवाजी चौक डॉक्टर हाउस के सामने से शिव शिशु विधालय से महाराणा प्रताप स्कूल मैदान पर पहुंचेगी। जहां पर मंचीय कार्यक्रम के साथ निषादराज महाराज का पूजन कर शोभायात्रा का समापन किया जाएगा।

## एक नजर में



### पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने तत्परता दिखाई

**नवभारत,दमोह.** गुरुवार को कसिया टोला (अधरोटा) में एक होम डिलीवरी सीवियर एनीमिक केस के पति द्वारा महिला को जिला अस्पताल जाने से मना करने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार आशुतोष गुप्ता व पुलिस के साथ वहां पहुंचे. महिला के पति को समझाकर संबंधित केस को जिला अस्पताल पहुंचाया.



### जगन्नाथ पुरी के लिए स्पेशल ट्रेन रवाना हुई

**नवभारत,दमोह।** जगन्नाथ पुरी के लिए स्पेशल ट्रेन तीर्थयात्रा रवाना हुई.हटा विधायक उमा देवी खटीक भी यात्रियों के साथ यात्रा के लिए रवाना हुई. शनिवार प्रात:6:20 बजे दमोह से जगन्नाथ पुरी के लिए तीर्थयात्रा का शुभारंभ हुआ.इस यात्रा में जिले की सभी विधानसभाओं से श्रद्धालु रवाना हुए हैं.यात्रा के दौरान नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी पर्यवेक्षक के रूप में व शरद कुमार खरे,रितेश खरे तथा राजाराम पटेल अनुरक्षण का दायित्व निभा रहे हैं.

### अपर्णा व शिक्षा का नवोदय विद्यालय में चयन

**नवभारत,हटा 22 मार्च।** क्षेत्र के महुआखेड़ा गांव के लिए गर्व का विषय है कि यहां की होनहार छात्रा अपर्णा पटेरिया का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। अपर्णा, पिता अभिषेक पटेरिया की पुत्री हैं और प्राथमिक शाला महुआखेड़ा की छात्रा रही हैं।



अपर्णा की इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। उनकी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह परिणाम माना जा रहा है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि अपर्णा शुरू से ही पढ़ाई में होशियार रही हैं और उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। इसी क्रम में ग्राम रनेह की बेटी शिक्षा साहू, जो कि केंद्रीय विद्यालय हटा में अध्ययनरत हैं, का भी चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। शिक्षा की इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है और उन्होंने भी अपने परिश्रम से यह उपलब्धि हासिल की है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से रेलवे फाटक टूटा





**नवभारत, दमोह।** जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत आनू फाटक पर किसी पिकअप की टक्कर या फंस जाने पर फाटक टूट कर टेढ़ा हो जाने का मामला सामने आया है।

### कांग्रेस के महासचिव हरीश चौधरी का आगमन आज



**नवभारत,दमोह।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव व म.प्र.कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी व म.प्र.कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी रणविजय सिंह लोचव,साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव का दिनांक 23 मार्च को दमोह आगमन हो रहा है वह स्थानीय मानस भवन में दोपहर 12 बजे विशाल कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने जिले की चारों विधानसभाओं को कांग्रेसजनों के आह्वान किया है कि वह प्रत्येक विधानसभा के कांग्रेसजनों के साथ पंचायत, वार्ड कमेटी के गठन की समीक्षा संगठनात्मक चर्चा व संवाद करेंगे।



## प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य विराजी मां मनसा देवी

**नवभारत,पथरिया 22 मार्च।** तहसील मुख्यालय पथरिया से करीब 5 किलोमीटर दूर पश्चिम दिशा में ग्राम उमराहो में पहाड़ी पर प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य मां मनसा देवी मंदिर में विराजी हैं। जहां भक्त चैत नवरात्रि के शुभ अवसर पर रोज सुबह जल चढ़ाने एवं दर्शन के लिए सैकड़ों की संख्या में पहुंचते हैं। इसके अलावा पहाड़ी के नीचे सिद्ध बाबा महाराज विराजमान हैं और वहीं समीप में सिद्ध पुरुष पल्टू बाबा का समाधि स्थल है। इसी तपोभूमि में पल्टू बाबा प्रसिद्ध हुए। यहां मौजूद पेड़-पौधों की हरियाली और विचरण करते हिरणों, मयूर, खरगोश और नीलगाय की वजह से अति मनोरम दुश्य नजर आता है। वैसे मनसा माता मंदिर जाने के लिए पक्का रास्ता भी है, लेकिन अनेकों भक्त जल चढ़ाने के लिए 272 सीढ़ियां चढ़कर जाते हैं।

# गौरईया नदी तट पर की गई साफ-सफाई

▸ तेजगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू



**नवभारत, तेजगढ 22 मार्च।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत 19 से 27 मार्च तक प्रथम चरण में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं.

इसी क्रम में म.प्र.जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में चयनित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा तेजगढ़ में स्थित गणेश मंदिर माई घाट, गौरईया नदी तट पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया.उक्त कार्यक्रम मप्र जन अभियान परिषद तेंदूखेड़ा के ब्लॉक समन्वयक दीपचंद मालवीय के मार्गदर्शन में व परामर्शदाता सविता विश्वकर्मा, सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश चंद जैन पंजीलाल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तेजगढ़ के अध्यक्ष संकेत नामदेव, सचिव दर्शन नामदेव,सहसचिव प्रांजुल नामदेव, सदस्य कृष्णा माली व अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा संपन्न हुआ.

**इनकी रही उपस्थिति**-कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी प्रकाश चंद्र जैन,अमजद खान,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तेजगढ़ के अध्यक्ष संकेत नामदेव,सचिव दर्शन नामदेव,सहसचिव प्रांजुल नामदेव,सदस्य कृष्णा माली,हिना रैकवार,प्रेमलता विश्वकर्मा, विवश विश्वकर्मा, कुमकम असाटी, जय रैकवार,गौरव,साक्षी नामदेव सहित सीएमसी एलडीपी के छात्र छात्राओ ने योगदान दिया.

## जुआ फड़ पर कार्यवाही, 11000 से अधिक रुपये किए जब्त

**नवभारत, दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के निर्देशन में बटियागढ़ थाना प्रभारी रजनी शुक्ला के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी आनंद कुमार और उनकी टीम में प्रधान आरक्षक विपेश चौबे,भूपेंद्र,आरक्षक राज और सहयोगी मोहन असाटी ने घेराबंदी कर हजारों का जुआ पकड़कर आधा दर्जन से अधिक आरोपी गिरफ्तार कर जुआ एक्ट तहत कार्रवाई की है.चौकी प्रभारी फुटेरा आनन्द कुमार ने बताया कि फुटेरा में जुआ पर की कार्यवाही में 10 आरोपियों से 11000 से अधिक रुपये व 52 पत्ते तास के जब्त किए गए.

# पतलोनी गांव में नए तालाब का किया गया लोकार्पण

▸ मंत्री लोधी, सांसद व जिला अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन व लोकार्पण



**नवभारत,दमोह 22 मार्च।** जिले की जबेरा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मंडल तेजगढ़ में विकास कार्यों को स्थानीय विधायक व मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, दमोह सांसद राहुल सिंह,भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और जनसुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से कई परियोजनाओं का शुभारंभ एवं लोकार्पण किया गया।

सबसे पहले, पतलोनी गांव में 17.04 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन तालाब का लोकार्पण किया गया। यह तालाब स्थानीय किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा, क्योंकि इससे सिंचाई की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी और जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, ग्रामीणों के दैनिक उपयोग के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा।

### सीसी रोड का भूमिपूजन किया

इसके साथ ही, तेजगढ़ से तहसील मार्ग तक 6 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। इस सड़क के निर्माण से आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम और सुरक्षित हो जाएगा। खासकर बारिश के मौसम में जो समस्याएं ग्रामीणों को झेलनी पड़ती थीं, उनसे काफी राहत मिलेगी। यह सड़क शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### पेट्रोल पंप का किया शुभारंभ

कार्यक्रम के दौरान, पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह लोधी द्वारा स्थापित श्री राधेश्याम पेट्रोल पंप का भी शुभारंभ किया गया। इस सुविधा के शुरू होने से क्षेत्रवासियों को ईंधन के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी तथा स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मूरत सिंह, भाजपा जिला मंत्री भारत सिंह, रानू नामदेव, विनीता कुलस्ते, कृष्ण प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष तेजगढ़ संग्राम सिंह, तेंदूखेड़ा मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, नोहटा मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, तारादेही मंडल अध्यक्ष डॉ. मनोहर सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



## विधिपूर्वक मां पार्वती व सिंह वाहिनी माता को अर्पित की श्रृंगार सामग्री

**३नवभारत, दमोह।** चैत्र नवरात्र का तृतीय दिवस है,जो श्री सौभाग्य गौरी को समर्पित है.इस पावन अवसर पर बांदकपुर में श्री जागेश्वर नाथ जी को अवलोकित करवा कर,उपहार स्वरूप मां पार्वती के धारण किए जाने हेतु वस्त्र व श्रृंगार सामग्री मंदिर के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक, पंडित रामबाबू तिवारी द्वारा विधिपूर्वक मां पार्वती तथा सिंहवाहिनी माता को अर्पित की गई.इस क्रम में नवरात्र के आगामी दिनों में भी मां पार्वती के विभिन्न स्वरूपों, जिनके लिए जो दिन समर्पित है.उनके लिए वस्त्र एवं श्रृंगार सामग्री श्री जागेश्वर नाथ जी से अवलोकित करवा कर उपहार स्वरूप नवरात्र अवधि में प्रतिदिन प्रेषित की जाएगी.यह आयोजन श्रद्धा,परंपरा व सनातन आस्था के अनुसार सम्पन्न किया जा रहा है.



## सीसी सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

▸ विधायक मलैया ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**नवभारत,दमोह 22 मार्च।** पूर्व मंत्री व विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया ने ग्राम दतला में 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। साथ ही ग्राम सेमरा मडिया में शेड के नीचे सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ व लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम अभाना में 25 लाख रुपये की लागत से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर ग्रामीणों को समर्पित किया गया।

### इमलाई में सामुदायिक भवन का करेंगे लोकार्पण

पूर्व मंत्री व दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया आज 22 मार्च को क्षेत्रीय दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे प्रात: 10 बजे ग्राम बांसा तारखेड़ा में स्टांप डेम का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात प्रात: 11 बजे ग्राम इमलाई में 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे।

योग — 25 दिवसीय सह-योगशिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन

# ध्यान के साथ आसनों का कराया गया अभ्यास



**नवभारत, पटेरा 22 मार्च।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के निर्देशन में पतंजलि योग समिति तहसील पटेरा के तत्वाधान में 25 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का देवभूमि पब्लिक स्कूल पटेरा में समापन किया गया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के पतंजलि योगपीठ के आजीवन सदस्य व दान संग्रह प्रभारी डॉ.के दारनाथ शर्मा, विशिष्ट अतिथि पतंजलि योग समिति के फाउंडर मेंबर व टीशु कल्चर लैब के संचालक अभय सचदेवा, जिला योग समिति अध्यक्ष योगी दीपक राजपूत, पतंजलि योग समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार परोहा, जिला संस्कृत प्रभारी अतुल सिंघई, आजीवन सदस्य व किसान सेवा समिति जिला प्रभारी सुरेश रैकवार पतंजलि योग समिति उपाध्यक्ष गंगाराम पटेल,भारत सनविधान के जिला प्रभारी रामजी सोनी, हटा तहसील प्रभारी सुरेश सोनी बालाराम अहिरवाल, योग प्रभारी अशोक पाठक देवडोंगरा मौजूद रहे.

कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता की आरती व दीप प्रज्वलन से हुआ तत्पश्चात योगाचार्य कृष्ण कुमार परोहा पतंजलि योग समिति दमोह के निर्देशन में योगिक जागिग, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी उदगीथ व प्रणव का ध्यान के साथ आसनों का अभ्यास कराया गया। प्रतिदिन प्रात: 6:00 से 8:00 बजे तक योग शिविर में शामिल महिला व पुरुष योग साधकों को अलग अलग रोगों के अलग अलग आसन बताए गए।

### 50 युवाओं ने सह-योग शिक्षक का प्रशिक्षण प्राप्त किया

पटेरा योग शिविर में 50 युवाओं ने सह-योग शिक्षक बनने हेतु प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। उन्हें पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रमाण पत्र दिया गया. श्री परोहा द्वारा बताया गया कि पतंजलि योगपीठ में 18 से 35 वर्ष के दसवीं उत्तीर्ण युवाओं के लिए योग व थैरेपिस्ट बनने व रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। इसमें युवाओं को प्रतिमाह मासिकवृत्ति के साथ रहने खाने की पूरी व्यवस्था पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में की जाएगी।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पतंजलि परिवार के प्रमुख योग साधक शंकर लाल तंतुवाय, बलराम पटेल, तीरथ पटेल महूना, निरन सिंह, चंद्रिका सोनी, अजय राय, डॉ. ढोलक विश्वास, संजय पालीवाल, संतोष पांडे, रामसागर तिवारी, राजेंद्र दुबे, अवध किशोर सोनी, दिनेश खरे, मुकेश नेमा, अभिषेक राठौर, बृजेश चौरसिया, महिला योग साधकों में ज्योति उपाध्याय, डॉ. रिया द्विवेदी, सविता पांडे, पलक मिश्रा, गरिमा नामदेव आदि उपस्थित रहे.